an>

title: Need to open banks in rural areas in Udaipur Parliamentary Constituency in Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से अपने लोक सभा क्षेत्र उदयपुर में ग्रामीण बैंक शाखाएं खोलने के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

महोदया, उदयपुर संभाग जनजातीय मुख्यालय है, फिफ्थ शिडयूल्ड में आता है, टीएसपी एरिया है और यहां 68 प्रतिशत आदिवासी जनसंख्या निवास करती है। बैंकों की शाखाओं के अभाव में ग्रामीण जनता को दूर-दूर तक आना-जाना पड़ता है, जिसमें उनका समय व्यर्थ होता है और धन की भी बर्बादी होती है।

महोदया, हमारे जिले में मात्र 182 बैंक शाखाएं कार्यरत हैं। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र के खैरवाड़ा विधान सभा क्षेत्र में पाटिया, कनवई, मसारों की ओबरी, ढेलाणा, सराड़ा क्षेत्र में चावण्ड और गोगुन्दा में वास-पड़ावली में, जहां ग्राम पंचायत में दस हजार से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतें हैं, वहां ग्रामीण क्षेत्र में बैंक शाखाएं खोली जाएं। इन क्षेत्रों में बैंक शाखाएं खोलने के लिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं।

माननीय अध्यक्ष:

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।